भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
ल खत प्रश्न सं. †2482
सोमवार, 01 अगस्त, 2022/10 श्रावण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

प्रारूप राष्ट्रीय पर्यटन नीति

†2482. श्रीमती अपरूपा पोद्दारः
श्री राजेन्द्र धेड्या गा वतः
श्री कृष्णपाल संह यादवः
श्री रमेश बिन्दः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे  कः

**(क)** क्या सरकार की वर्ष 2002 में जारी की गयी राष्ट्रीय पर्यटन नीति को अद्यतन करने की कोई योजना है;

**(ख)** प्रारूप राष्ट्रीय पर्यटन नीति, 2021 की क्या स्थिति है;

**(ग)** आज की ति थ के अनुसार, इसके गैर-कार्यान्वयन के क्या कारण हैं; और

**(घ)** वर्ष 2047 तक भारत को 1 ट्रि लयन डॉलर की पर्यटन अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में राज्य-वार क्या प्रगति हुई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी.  कशन रेड्डी)

(क) से (ग): जी, हां। पर्यटन मंत्रालय ने एक नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति तैयार की है। इस नीति का मसौदा केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों और औद्यो गक हितधारकों को उनकी टिप्प णयाँ/प्रति क्रया/सुझाव जानने के  लए भेजा गया था। प्राप्त सुझावों/प्रति क्रया को शा मल करते हुए नीति के मसौदे को अद्यतन बनाया गया है। पर्यटन मंत्रालय ने नीति के मसौदे पर मंत्रिमंडल का अनुमोदन प्राप्त करने की प्र क्रया शुरू कर दी है।

(घ): अनुवर्ती वर्षों अर्थात् 2015-16, 2016-17, 2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के  लए तीसरे पर्यटन सैटेलाइट अकाउंट के अनुरूप लगाए गए अनुमान के अनुसार देश के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का योगदान अनुबंध में दिया गया है।

*******

अनुबंध

प्रारूप राष्ट्रीय पर्यटन नीति के संबंध में दिनांक 01.08.2022 के लोक सभा के ल खत प्रश्न सं. †2482 के भाग (घ) के उत्तOर में ववरण

वर्ष 2015-16 से 2019-20 के लए पर्यटन सकल घरेलू उत्पाद

| | **2015-16** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** |
|---|---|---|---|---|---|
| पर्यटन का कुल हिस्सा (प्रत्यक्ष + अप्रत्यक्ष) | | | | | |
| कुल पर्यटन सकल घरेलू उत्पाद (लाख रू. में) | **7,01,79,886** | **7,75,94,685** | **8,58,59,274** | **9,47,11,602** | **10,50,36,476** |
| सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन का कुल हिस्सा **(%)** | **5.20** | **5.04** | **5.02** | **5.01** | **5.16** |

स्रोतः नेशनल अकाउंट्स स्टैटिस्टिक्स 2021 तथा तीसरा पर्यटन सैटेलाइट अकाउंट - 2015-16

*******